Newspaper : Denik Jagran
Edition: Delhi | Date: 11th September, 2019 | Pg. : 04

स्कूलों में होगी एकल उपयोग प्लास्टिक से मुक्ति की पहल

जासं, नई दिल्ली : शिक्षा निदेशालय ने सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यो को सर्कुलर जारी करते हुए निर्देश दिया है कि सुबह की प्रार्थना के समय शिक्षकों, विद्यार्थियों और कर्मचारियों को स्कूल परिसर के अंदर और बाहर एकल उपयोग वाले प्लास्टिक को कम उपयोग में लाने पर प्रकाश डालें। देश को एकल उपयोग वाले प्लास्टिक से मुक्त बनाने की दिशा में 2 अक्टूबर को राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरुआत की जाएगी। इस संबंध में प्रधानमंत्री स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देश को एकल उपयोग प्लास्टिक मुक्त बनाने की बात कही थी।